PLANET NEWS INDIA Follow us on:/

निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)

01

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228

(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)

■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ़, बुधवार, 24 जून, 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com



## मुंबई में मानसून की धमाकेदार एंट्री

### मूसलाधार बारिश से जलमग्न हुए कई इलाके; IMD का ऑरेंज अलर्ट जारी



मुंबई। दक्षिण-पश्चिम मानसून ने आखिरकार 13 दिनों की देरी के बाद मुंबई में दस्तक दे दी, लेकिन इसके साथ आई भारी बारिश ने मायानगरी की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। मंगलवार रात हुई मूसलाधार बारिश से अंधेरी, सायन, कांदिवली, मालाड और कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। सड़कों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने स्थिति को देखते हुए मुंबई समेत आसपास के जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के अनुसार 23 जून सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक शहर में औसतन 56 मिमी बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक असर पश्चिमी उपनगरों में देखने को मिला, जहां कई इलाकों में एक घंटे के भीतर 20 से 30 मिमी तक बारिश रिकॉर्ड की गई। अंधेरी सबवे में पानी भर जाने के कारण उसे अस्थायी रूप से वाहनों के लिए बंद करना पड़ा, जबकि एवरार्ड नगर स्थित एक अन्य सबवे को भी सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया।

बारिश के कारण ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे समेत कई प्रमुख मार्गों पर जलभराव और कम दृश्यता की स्थिति बनी रही। हालांकि राहत की बात यह रही कि मुंबई की लाइफलाइन मानी जाने वाली लोकल ट्रेन सेवाएं सामान्य रूप से संचालित होती रहीं और बेस्ट बसों की आवाजाही पर भी कोई बड़ा असर नहीं पड़ा। इसके बावजूद कई इलाकों में लोगों को जलभराव और ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ा।बीएमसी अधिकारियों ने बताया कि अंधेरी सबवे में जलभराव की समस्या लगातार चुनौती बनी हुई है। कई वाहन चालक चेतावनी के बावजूद पानी भरे रास्तों से गुजरने का प्रयास करते हैं, जिससे हादसों का खतरा बढ़ जाता है। एक रिक्शा चालक भी सबवे पार करने के दौरान बीच रास्ते में फंस गया था, जिसे बीएमसी कर्मियों ने सुरक्षित बाहर निकाला।

## ग्रीन कैंपस बनने की राह पर बड़ी उपलब्धि

### एएमयू को मिला 'ग्रीन कैंपस' प्रमाणन



अलीगढ़। पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए Aligarh Muslim University ने सफलतापूर्वक ग्रीन ऑडिट पूरा कर लिया है। ऑडिट में निर्धारित मानकों पर खरा उतरने के बाद विश्वविद्यालय को आधिकारिक रूप से 'ग्रीन कैंपस' के रूप में प्रमाणित किया गया है। यह उपलब्धि एएमयू की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और हरित विकास की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को दर्शाती है। ग्रीन ऑडिट का संचालन कोयंबटूर स्थित Nature Science Foundation द्वारा किया गया, जो राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) के मानकों के अनुरूप अधिकृत संस्था है। ऑडिट के दौरान विश्वविद्यालय परिसर की वायु गुणवत्ता, जल संरक्षण व्यवस्था, ऊर्जा उपयोग, अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली और पर्यावरण-अनुकूल गतिविधियों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। ऑडिट रिपोर्ट में एएमयू को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के मानकों पर प्रभावी ढंग से कार्य करने वाला संस्थान माना गया। रिपोर्ट के अनुसार विश्वविद्यालय परिसर में हरित वातावरण बनाए रखने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए कई सकारात्मक पहलें की जा रही हैं। इन प्रयासों ने संस्थान को ग्रीन कैंपस की मान्यता दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) और सतत विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त प्रयासों से सफलतापूर्वक पूरी की गई। ग्रीन कैंपस प्रमाणन मिलने से न केवल एएमयू की राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा बढ़ेगी, बल्कि छात्रों और शिक्षकों के बीच पर्यावरणीय जागरूकता को भी नई दिशा मिलेगी। यह उपलब्धि ऐसे समय में सामने आई है जब देशभर के शिक्षण संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। एएमयू का यह कदम अन्य विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के लिए भी एक प्रेरणादायक उदाहरण माना जा रहा है।

## आरएमपीयू में नए सत्र की शुरुआत

### पहले ही दिन 80 विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश



अलीगढ़: राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले ही दिन 80 विद्यार्थियों ने विभिन्न कोर्सों में दाखिला लेकर नए सत्र का आगाज किया। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार 5 मई से ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया जारी है और विभिन्न पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। प्रवेश प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए परिसर में विशेष सहायता काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां शिक्षक और कर्मचारी विद्यार्थियों व अभिभावकों को आवश्यक जानकारी और मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने उन छात्र-छात्राओं को भी राहत दी है जिनकी प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) परीक्षाएं किसी कारणवश छूट गई थीं। उनके लिए नया परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रति विषय और प्रति वर्ष 1500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। एमआईएस जनरेट करने की अंतिम तिथि 6 जुलाई, जबकि परीक्षा शुल्क जमा करने और आवेदन भरने की अंतिम तिथि 8 जुलाई तय की गई है। वहीं 11 और 12 जुलाई को अशासकीय महाविद्यालयों को नोडल केंद्र बनाकर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि विद्यार्थियों की सुविधा और पारदर्शी प्रवेश प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

## अलीगढ़ में दर्दनाक सड़क हादसा

### सरिया लदे ट्रक में पीछे से घुसा कैंटर, चालक की मौत



अलीगढ़। दिल्ली-कानपुर नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में कैंटर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। सासनी गेट क्षेत्र के मथुरा रोड ओवरब्रिज के पास सरिया से लदे ट्रक में पीछे से कैंटर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भयावह था कि ट्रक से बाहर निकली लोहे की सरिया कैंटर के केबिन को चीरते हुए अंदर तक घुस गई, जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान पंकज (35) निवासी बिहारीपुर, थाना एत्मादपुर, आगरा के रूप में हुई है। पंकज सोमवार रात हाथरस से माल लादकर कैंटर से दिल्ली की ओर जा रहा था। जैसे ही वह मथुरा रोड स्थित ओवरब्रिज के पास पहुंचा, उसका कैंटर आगे चल रहे सरिया लदे ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गया। टक्कर के बाद कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक केबिन में बुरी तरह फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला। गंभीर हालत में उसे जिला मलखान सिंह अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने मृतक के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उसके परिजनों को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजन अलीगढ़ के लिए रवाना हो गए।

जवान बेटे की असमय मौत से परिवार गहरे सदमे में है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी प्रथम Sanjeev Kumar ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं पर पड़ताल की जा रही है। यह हादसा एक बार फिर हाईवे पर भारी वाहनों के पीछे सुरक्षित दूरी बनाए रखने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की आवश्यकता को उजागर करता है।

## पथरी के ऑपरेशन के बाद महिला की मौत

### निजी अस्पताल में हंगामा; परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

अलीगढ़: अतरौली क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में पित्त की थैली (गॉलब्लैडर) की पथरी का ऑपरेशन कराने पहुंची 36 वर्षीय महिला की मौत के बाद जमकर हंगामा खड़ा हो गया। महिला की मौत से गुस्साए परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही बरतने और समय रहते मरीज को उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर न करने का आरोप लगाया। घटना के बाद अस्पताल परिसर में तनावपूर्ण माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।

परिजनों के अनुसार महिला को पित्त की थैली में पथरी की समस्या थी, जिसके इलाज के लिए उसे अतरौली के रामघाट रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकों ने जांच के बाद ऑपरेशन की सलाह दी और सर्जरी की गई। आरोप है कि ऑपरेशन के कुछ समय बाद ही महिला की हालत बिगड़ने लगी, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को नजरअंदाज किया। परिजनों का कहना है कि उन्होंने कई बार मरीज को किसी बड़े अस्पताल में रेफर करने की मांग की, लेकिन अस्पताल प्रबंधन लगातार इलाज जारी रखने की बात कहता रहा। महिला की हालत लगातार खराब होती गई और आखिरकार उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।



परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल पहुंच गए तथा डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कार्रवाई की मांग करने लगे। उनका आरोप है कि यदि समय रहते उचित इलाज और रेफरल की व्यवस्था की जाती तो महिला की जान बचाई जा सकती थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को समझाकर शांत कराया और मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कराई गई है, ताकि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने एक बार फिर निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई निजी अस्पताल बिना पर्याप्त संसाधनों और विशेषज्ञ सुविधाओं के जटिल ऑपरेशन कर रहे हैं, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। अब सभी की नजर प्रशासनिक जांच और इस मामले में होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## लखनऊ अग्निकांड: साथ पढ़े, साथ सपने देखे और साथ ही दुनिया को कह गए अलविदा

कानपुर/लखनऊ: लखनऊ के अलीगंज स्थित कोचिंग और एनीमेशन सेंटर में हुए भीषण अग्निकांड ने कानपुर के दो परिवारों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। गोविंदनगर निवासी संयम विज और बर्रा निवासी सूरज सिंह, जो बचपन से एक-दूसरे के सबसे अच्छे दोस्त थे, इस दर्दनाक हादसे में अपनी जान गंवा बैठे। दोनों ने साथ पढ़ाई की, साथ खेलकूद में हिस्सा लिया, करियर की शुरुआत भी साथ की और किस्मत का ऐसा क्रूर खेल कि मौत ने भी दोनों को एक साथ ही अपने आगोश में ले लिया। परिजनों के मुताबिक सूरज और संयम की दोस्ती स्कूल के दिनों से थी। दोनों ने रतनलाल नगर स्थित दून स्कूल में एक साथ पढ़ाई की थी। पढ़ाई पूरी होने के बाद भी दोनों का साथ नहीं छूटा और बेहतर भविष्य की तलाश में दोनों ने लखनऊ के एनीमेशन सेंटर में प्रशिक्षण और नौकरी शुरू की। परिवार वालों को उम्मीद थी कि दोनों अपने सपनों को पूरा कर परिवार का नाम रोशन करेंगे, लेकिन सोमवार को लगी आग ने सब कुछ खत्म कर दिया। मंगलवार सुबह जब दोनों के शव कानपुर पहुंचे तो परिवारों में कोहराम मच गया।




संयम की मां सोनिया अपने बेटे के शव को देखकर बार-बार बेसुध हो रही थीं। उनका रो-रोकर कहना था कि बेटा बिना कुछ कहे कैसे चला गया। घर के बाहर मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम थीं। वहीं सूरज की मां मीरा को अंतिम समय तक यही बताया गया था कि उनका बेटा घायल है और उसे घर लाया जा रहा है। लेकिन जैसे ही एंबुलेंस से बेटे का शव उतरा, वह बदहवास होकर जमीन पर गिर पड़ीं। बेटे के शव से लिपटकर उनका विलाप सुन हर किसी की आंखें भर आईं। इस हादसे ने सूरज के परिवार को पूरी तरह तोड़ दिया है। तीन साल पहले पेट्रोल पंप पर काम करते समय उसके पिता शिवराम सिंह की भी दुर्घटना में मौत हो गई थी। पिता के जाने के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी सूरज के कंधों पर आ गई थी। वह अपनी मां, छोटे भाई और बहन का सहारा था। परिवार वालों ने बताया कि दो दिन पहले ही सूरज शादी के लिए लड़की देखने कानपुर आया था और भविष्य को लेकर कई सपने संजोए हुए था। किसी ने नहीं सोचा था कि कुछ ही दिनों में उसकी अर्थी उठेगी। संयम के घर का दर्द भी कम नहीं था।

## UP: ओपी राजभर बोले- मोहन यादव के भ्रष्टाचार पर हल्ला मचाकर क्या छिपा रहे हैं

# अखिलेश यादव, उठाए जमीनों पर सवाल

मप्र की जमीन खरीद विवाद में मुख्यमंत्री मोहन यादव का नाम सामने आया है। इस पर अखिलेश यादव ने उनका बचाव किया था। अब इस पर ओपी राजभर ने प्रतिक्रिया दी है।मप्र जमीन खरीद विवाद पर मोहन यादव का नाम आने के बाद अखिलेश यादव ने उनका बचाव किया था। अब इस मामले में राजनीतिक प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई है। यूपी कैबिनेट में मंत्री ओपी राजभर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट लिखकर अखिलेश पर गंभीर आरोप लगाए हैं। अखिलेश यादव जी, माननीय मुख्यमंत्री डॉक्टर जी के संबंध में इतना हल्ला क्यों कर रहे हो? इतना शोर करके छुपाना क्या चाहते हो आप? ऐसा क्यों चाहते हैं कि दुनिया वही देखे जो आप दिखाएं? अब बताता हूं, आपकी पीड़ा क्या है? आप क्यों घबरा गए! कैसे आपके निवेश पर चोट पहुंच गई और क्यों आप बौखला गए अखिलेश जी! एमपी कैडर के आईएएस भरत यादव जो राज्य सड़क विकास निगम के चेयरमैन हैं, उनसे आपने अपना रिश्ता छिपा लिया। अखिलेश जी भरत यादव आपके "कुबेर" चंद्रपाल यादव के दामाद हैं। चंद्रपाल यादव सपा के कद्दावर नेता और पार्टी कोषाध्यक्ष रहे हैं। उम्मीद है कि आपको याद आ गया होगा।अखिलेश यादव जी, माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी के नाम पर हुए एक फर्जी खुलासे से आप डर गए? मध्य प्रदेश में हाईवे का रास्ता कहां से जाएगा- यह भरत यादव तय करते हैं या उन्हें इस बात की जानकारी होती है। जो आपके हैं, अपने हैं, खास हैं।इस मामले में अखिलेश जी आपकी तिलमिलाहट बता रही है कि भरत यादव ने आपसे और अपने लोगों से वहां की जमीनों में भारी निवेश करवाया है। और जमीन 'खाने' के मामले में सैफई परिवार बहुत अनुभवी है। इसे पूरा उत्तर प्रदेश जानता है।




### क्या बोले थे मोहन यादव पर अखिलेश



लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे में सैफई परिवार ने यही किया था। फिरोजाबाद से इटावा तक जमीनें खरीदी गईं और लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के रूट को मनमाने तरीके से मोड़ा गया। निजी फायदे के लिए सैफई तक अनावश्यक रूप से रूट का मार्ग घुमाकर एक्सप्रेसवे की दूरी 30 किमी और ज्यादा बढ़ा दी गई। औने-पौने दाम में जमीनों को खरीदकर भारी भरकम मुआवजा वसूला गया। गोमती रिवर फ्रंट की रिपोर्ट जारी करने के बाद अखिलेश को डर बैठ गया है कि कहीं मध्य प्रदेश एक्सप्रेसवे रिपोर्ट जारी न हो जाए, जिससे उनका निवेश डूब जाए।जांच एजेंसियों को पता लगाना चाहिए कि मध्य प्रदेश में उत्तर प्रदेश के कौन-कौन से सफेदपोश निवेशक शामिल हैं।जमीन खरीद विवाद को लेकर चर्चा में आए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के परिवार को समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव का समर्थन मिला हैइस पूरे विवाद को साजिश बताते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि मोहन यादव को बदनाम करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने साजिश रची है, उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या बीजेपी को पता नहीं था कि मोहन यादव रियल इस्टेट का काम करते थे।बकौल अखिलेश यादव, ये आरोप इसलिए लग रहा है कि भाजपा रास्ता ढूंढ रही है कि तीन मुख्यमंत्री कैसे बदलें। वे मुख्यमंत्री बदलना चाहते हैं इसलिए आरोप लगवा रहे हैं, इन्हें मध्य-प्रदेश, राजस्थान के मुख्यमंत्री को हटाना है। इन दो को इसलिए हटा रहे हैं कि उन्हें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को हटाना है।

## Lucknow Fire: कलेजा ही चीर गया

### कलेजे का टुकड़ा, साथ पढ़े-खेले और साथ ही दुनिया से विदा; सूरज और संयम थे दोस्त

लखनऊ अग्निकांड में कानपुर के दो घरों के चिराग बुझ गए। दोनों दोस्त साथ में पढ़े-खेले और साथ ही दुनिया से विदा हो गए। परिजनों ने कहा कि दम घुटने से दोनों की मौत हुई है। उनके शरीर काले पड़ गए थे। लखनऊ कोचिंग सेंटर की आग ने कानपुर के दो घरों के चिराग बुझा दिए। गोविंदनगर और बर्रा में रहने वाले सूरज और संयम दोनों में वर्षों पुरानी दोस्ती थी। रतनलालनगर के दून स्कूल में दोनों साथ पढ़े और फिर कॅरिअर बनाने के लिए भी दोनों ने एक साथ एनिमेशन स्टूडियो की नौकरी जॉइन की। दोनों ने एक साथ दुनिया भी छोड़ दी।




परिजनों के मुताबिक, दोनों की मौत दम घुटने से हुई लेकिन उनके शरीर जरूर काले पड़ गए थे। ऐसा लग रहा है कि दोनों ने भी खुद को किसी कमरे अथवा बाथरूम में बंद कर लिया था। मंगलवार तड़के करीब पांच बजे गोविंदनगर 11 ब्लॉक निवासी संयम का शव घर पहुंचा और साढ़े छह बजे के आसपास सूरज का शव बर्रा-सात लाया गया। फिर दोनों का अंतिम संस्कार हुआ।




**कलेजा ही चीर गया कलेजा का टुकड़ा**

मंगलवार की सुबह संयम का शव घर के दरवाजे पर रखा था। मां सोनिया अचानक चीख पड़ती हैं... ऐसे कैसे बिना कुछ बताए चला गया बेटा। कुछ तो बोल बेटा... तेरी मां तेरी एक आवाज सुनने को तड़प रही है।



उनके यह भावुक शब्द आसपास बैठीं महिलाओं का कलेजा चीर रहे थे। कभी संयम की भाभी पलक अपनी सास का हाथ पकड़कर फफक पड़ती तो कभी सूरज का बड़ा भाई शुभम अपनी मां को सीने से लिपटाकर उन्हें ढांढस बंधा रहा था।मामा सौरभ दुआ के मुताबिक कितने अरमान थे भांजे की बरात करने के। क्या पता था कि बरात की जगह उसकी शव यात्रा में शामिल होना पड़ेगा। मोहल्ले के लोग भी संयम के अच्छे व्यवहार की चर्चा कर रहे थे।



## Delhi Weather: आंधी-बारिश ने बदला मौसम का मिजाज

### गर्मी से राहत; 4 से 14 डिग्री तक लुढ़का पारा

दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार दोपहर बाद तेज आंधी व बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। इससे कई दिनों से झुलसा रही तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली। अचानक हुए मौसम में इस बदलाव के कारण दिल्ली के कई इलाकों में अधिकतम तापमान चार से 14 डिग्री तक लुढ़क गया। दिल्ली के मौसम मानक केंद्र सफदरजंग पर तो तापमान सात डिग्री तक लुढ़क गया। मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह के अंत तक ऐसे ही आंधी व हल्की बारिश का अनुमान है।मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण पश्चिम मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है, इस कारण से देश के कई राज्यों में मौसमी गतिविधियां भी तेज हो रही है। मंगलवार को दिन भर तेज धूप और उमस ने लोगों को खूब परेशान किया। इस कारण से दिन भर तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली। दिन में ही आसमान में अंधेरा छा गया और तेज धूल भरी आंधी चलने लगी। इससे कई इलाकों में दृश्यता भी प्रभावित हुई।कई जगहों पर आंधी की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रही। इसके बाद विभिन्न इलाकों में तेज बारिश होने लगी। कई इलाकों में एक घंटे से अधिक समय तक बारिश हुई। इसके लिए मौसम विभाग ने तीन घंटे के लिए रेड अलर्ट भी जारी किया। आंधी से पहले सफदरजंग मानक केंद्र पर अधिकतम तापमान 40 डिग्री था जो कि बाद में 33 डिग्री पहुंच गया। इस तरह से सात डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। तापमान में सबसे अधिक गिरावट आयानगर में हुई। यहां आधी से पूर्व तापमान 40.6 डिग्री था जो कि 14.6 डिग्री तक लुढ़कर 25.7 डिग्री तक जा पहुंचा।



जाफरपुर में तापमान में 11.6 डिग्री, पालम में 10 डिग्री, मयूर विहार में 3.9 डिग्री, पूसा में 7.6 डिग्री, नजफगढ़ में 8.2 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई।आंधी और बारिश के बाद अधिकांश क्षेत्रों में मौसम सुहावना हो गया है तथा गर्मी से बड़ी राहत मिली है। मानसून की सक्रियता बढऩे के साथ आने वाले दिनों में वर्षा का दौर जारी रहने की संभावना है। वहीं अगले सात दिनों तक अधिकतम तापमान 38-40 डिग्री के बीच रहने और न्यूनतम तापमान 26 से 30 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है।

## Delhi: श्रमिक परिवारों का 10 लाख तक का इलाज होगा कैशलेस, योजना को कैबिनेट की मंजूरी; 24 घंटे हेल्पलाइन सुविधा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली कैबिनेट ने श्रमिक स्वास्थ्य योजना को मंजूरी दे दी है। इसके तहत लाभार्थियों को मुफ्त जांच, मोबाइल मेडिकल यूनिट और 24 घंटे हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं मिलेंगी।दिल्ली के 2.70 लाख पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और उनके करीब 10 लाख परिवारजनों का 10 लाख तक का इलाज कैशलेस होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में दिल्ली कैबिनेट ने श्रमिक स्वास्थ्य योजना को मंजूरी दे दी है।



इसके तहत लाभार्थियों को मुफ्त जांच, मोबाइल मेडिकल यूनिट और 24 घंटे हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं मिलेंगी।योजना का सबसे बड़ा फायेदा निर्माण श्रमिकों को होगा। योजना के तहत प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को सूचीबद्ध अस्पतालों में दो लाख रुपये तक के उपचार की सुविधा मिलेगी, जबकि परिवार के लिए यह सीमा 10 लाख रुपये तक होगी। उपचार की पूरी प्रक्रिया कैशलेस होगी।

**डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड से होगी निगरानी:** लाभार्थियों के डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड तैयार किए जाएंगे। इसके लिए आधुनिक लाभार्थी ट्रैकिंग सिस्टम विकसित किया जाएगा, जिससे इलाज की प्रक्रिया और सेवाओं की निगरानी की जा सकेगी। श्रमिकों की सहायता के लिए रोजाना 24 घंटे टोल-फ्री हेल्पलाइन भी शुरू होगी। दिल्ली सरकार के मुताबिक योजना पर हर साल करीब 200 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

## Himachal Cloudburst: किन्नौर में बादल फटा,

### काचरंग नाले में उफान से मची अफरा-तफरी; पुल और पानी की लाइनें तबाह

किन्नौर के भावानगर के पास काचरंग नाले में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ से पैदल पुल, पेयजल लाइनें और जल शक्ति विभाग का टैंक क्षतिग्रस्त हो गया। विभाग पेयजल आपूर्ति बहाल करने में जुटा है



किन्नौर जिले में मंगलवार देर रात हुई एक भयावह घटना में, भावानगर के समीप काचरंग नाले में बादल फटने से अचानक बाढ़ आ गई। इस विनाशकारी बाढ़ ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है, जिससे एक पैदल पुल और कई पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जल शक्ति विभाग का एक पेयजल भंडारण टैंक भी बाढ़ की चपेट में आकर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है।मंगलवार देर रात, काचरंग नाले के पास बादल फटने की घटना ने स्थानीय निवासियों को झकझोर दिया। अचानक जलस्तर बढ़ने से नाले का बहाव इतना तेज हो गया कि उसने रास्ते में आने वाले पैदल पुल को अपने साथ बहा लिया। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइपलाइनें भी बाढ़ के तेज प्रवाह से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। जल शक्ति विभाग का एक महत्वपूर्ण पेयजल भंडारण टैंक भी इस घटना से अछूता नहीं रहा और उसे भी नुकसान पहुंचा है।जनहानि से बचाव, लेकिन दहशत का माहौल राहत की बात यह है कि काचरंग गांव नाले से काफी दूरी पर स्थित होने के कारण, इस आपदा में किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। हालांकि, अचानक आई बाढ़ और उसके बाद हुए नुकसान ने स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही, ग्रामीणों और जल शक्ति विभाग की टीमों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। क्षतिग्रस्त पेयजल व्यवस्था को जल्द से जल्द बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं

## यूपी में सतपाल का एनकाउंटर: पार्षद और क्रिकेटर से दरिंदा बना सत्तू,

### नौकरी के बहाने लूटता था अस्मत; पूरी कहानी




मुजफ्फरनगर के सिविल लाइन थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम के साथ बामनहेड़ी रेलवे स्टेशन के पास हुई मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनाम सतपाल उर्फ सत्तू मारा गया। तितावी क्षेत्र की किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मृतक मुंबई के छोटा राजन गैंग का सदस्य और चंडीगढ़ के सेक्टर-31 थाने का हिस्ट्रीशीटर था।मूल रूप से मुजफ्फरनगर के पचैंडा गांव और चंडीगढ़ के राम दरबार निवासी सतपाल उर्फ सत्तू ने शातिराना अंदाज से कई किशोरियों का अपहरण कर यौन उत्पीड़न किया। नौकरी की चाह रखने वाले परिवारों के बीच वह खुद को फौजी बताता था। किशोरियों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपहरण कर ले जाता। अकेले पश्चिम उत्तर प्रदेश में ही कई मामले सामने आए। किशोरी के मिल जाने के बाद कई परिवार पुलिस तक नहीं पहुंचे।

कचहरी से 19 जून को तितावी क्षेत्र की किशोरी का अपहरण हुआ। पुलिस अधीक्षक सिटी अमृत जैन ने बताया कि सतपाल की उम्र लगभग पचास साल होगी। वह रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस अड्डे व अन्य ऐसे ही स्थानों पर जाकर किशोरियों से बातचीत कर अपने जाल में फंसा लेता था। अकेले पश्चिम उत्तर प्रदेश में ही कई मामले सामने आए। किशोरी के मिल जाने के बाद कई परिवार पुलिस तक नहीं पहुंचे। कचहरी से 19 जून को तितावी क्षेत्र की किशोरी का अपहरण हुआ। पुलिस अधीक्षक सिटी अमृत जैन ने बताया कि सतपाल की उम्र लगभग पचास साल होगी। वह रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस अड्डे व अन्य ऐसे ही स्थानों पर जाकर किशोरियों से बातचीत कर अपने जाल में फंसा लेता था। शहर के रामपुरी निवासी एक किशोरी का नौकरी को बहाने अपहरण कर लिया। अपनी कार में बैठाकर हरियाणा जाने लगा। सरसावा पहुंचते ही किशोरी को अपने अपहरण का आभास हुआ। किसी तरह कार से कूदकर जान बचाई थी। मौके पर मौजूद भीड़ ने आरोपी को पिटाई कर पुलिस को सौंपा दिया। तब परिजनों ने कार्रवाई नहीं की और पुलिस ने भी आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया था।

हरियाणा के करनाल से छह महीने पहले एक किशोरी को निशाना बनाया। किशोरी के घर पहुंचकर उसके परिवार से बातचीत की। परिवार ने नौकरी की आवश्यकता बताई तो आरोपी ने खुद को फौजी बताया। इसके बाद किशोरी को इंटरव्यू के बहाने अपने साथ कार में लेकर मेरठ आ गया। पकड़े जाने पर पल्लवपुरम थाने में मामला दर्ज है।



# तमिलनाडु पुलिस की नई पहल

## अब सप्ताह में दो दिन होगी जनसुनवाई, डीजीपी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



चेन्नई: तमिलनाडु पुलिस ने आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान और पुलिस व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (DGP) Mahesh Kumar Aggarwal ने सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए सप्ताह में दो दिन जनता की शिकायतें सीधे सुनने का आदेश दिया है। इस नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक बुधवार और शनिवार को 'जन शिकायत निवारण दिवस' के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें पुलिस अधिकारी आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। डीजीपी के आदेश के अनुसार डीएसपी, एसपी, डीआईजी, आईजी और पुलिस कमिश्नर स्तर के अधिकारियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपने कार्यालयों में उपस्थित रहना होगा। इस दौरान नागरिक बिना किसी मध्यस्थ के सीधे अधिकारियों तक पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे। पुलिस मुख्यालय का मानना है कि इससे शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता आएगी और लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

आदेश में अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि वे शिकायतकर्ताओं के साथ सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार करें। शिकायत सुनते समय नागरिकों की बात पूरी गंभीरता से सुनी जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। डीजीपी ने स्पष्ट किया है कि पुलिस का व्यवहार जनता के प्रति मित्रवत और सहयोगात्मक होना चाहिए, ताकि लोगों का भरोसा कानून व्यवस्था पर और मजबूत हो सके। इसके अलावा यदि कोई अधिकारी किसी न्यायालयीन कार्यवाही, कानून-व्यवस्था ड्यूटी, सरकारी बैठक या अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के कारण जनसुनवाई में उपस्थित नहीं हो पाता है, तो उसके स्थान पर अधीनस्थ वरिष्ठ अधिकारी को शिकायतें सुनने और आवश्यक कार्रवाई शुरू करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनसुनवाई की प्रक्रिया किसी भी स्थिति में बाधित न हो। पुलिस विभाग का कहना है कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य शिकायतों के त्वरित निस्तारण के साथ-साथ पुलिस और आम जनता के बीच संवाद को मजबूत करना है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों पर केवल सुनवाई ही नहीं, बल्कि उनके समाधान तक लगातार निगरानी भी रखी जाए। राज्य पुलिस मुख्यालय स्वयं इस पूरी व्यवस्था की मॉनिटरिंग करेगा और अधिकारियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन भी करेगा। तमिलनाडु पुलिस की यह पहल ऐसे समय में सामने आई है जब देशभर में पुलिस व्यवस्था को अधिक जनोन्मुखी और पारदर्शी बनाने पर जोर दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि यदि यह व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू होती है।

# भरत तिवारी एनकाउंटर मामला: परिजनों से मिलने पहुंचीं

## पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह, भावुक हुआ परिवार

उत्तर प्रदेश: चर्चित भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में नया घटनाक्रम सामने आया है। भोजपुरी फिल्म उद्योग के सुपरस्टार Pawan Singh की पत्नी Jyoti Singh बुधवार को बिलौटी गांव पहुंचीं, जहां उन्होंने पुलिस एनकाउंटर में मारे गए भरत तिवारी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान परिवार के सदस्यों, खासकर भरत तिवारी की मां और बहन की आंखें नम हो गईं और माहौल बेहद भावुक हो गया। ज्योति सिंह ने भरत तिवारी के घर पहुंचकर उनकी मां, बहन और अन्य परिजनों से बातचीत की तथा उनका दुख-दर्द साझा किया। मुलाकात के दौरान परिवार ने अपने बेटे को खोने का दर्द बयान किया। परिजनों की भावुक स्थिति को देखकर वहां मौजूद लोग भी भावुक हो गए। ज्योति सिंह ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। भरत तिवारी एनकाउंटर को लेकर पहले से ही क्षेत्र में चर्चाएं और बहस जारी हैं। ऐसे में किसी चर्चित हस्ती के परिवार से मिलने पहुंचने से यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। गांव में ज्योति सिंह के पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। लोगों ने इस मुलाकात को परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने का प्रयास बताया।



गौरतलब है कि भरत तिवारी पुलिस एनकाउंटर के बाद से यह मामला लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। परिजन लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं और घटना की निष्पक्ष जांच की मांग उठाते रहे हैं। अब ज्योति सिंह की इस मुलाकात ने मामले को एक नया राजनीतिक और सामाजिक आयाम दे दिया है। फिलहाल इस मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिन पर लोग अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

# 15 छात्रों की मौत के बाद बड़ा एक्शन!

## प्रयागराज में सील हुई खान सर की कोचिंग



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित एक कोचिंग एवं एनीमेशन सेंटर में हुए दर्दनाक अग्निकांड में 15 छात्रों की मौत के बाद पूरे प्रदेश में प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इस हादसे ने सुरक्षा मानकों की पोल खोलकर रख दी है, जिसके बाद सरकार और प्रशासन ने प्रदेशभर के कोचिंग संस्थानों की जांच शुरू कर दी है। इसी अभियान के तहत प्रयागराज विकास प्राधिकरण (PDA) ने सिविल लाइंस क्षेत्र में संचालित चर्चित शिक्षक खान सर के संस्थान 'खान ग्लोबल क्लासेस' को सील कर दिया है। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार, संस्थान का संचालन निर्धारित नियमों और भू-उपयोग मानकों के विपरीत किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि जिस भवन में कोचिंग संचालित हो रही थी, उसके लिए आवश्यक 'कम्युनिटी फैसिलिटी लैंड यूज' (Community Facility Land Use) की अनुमति नहीं ली गई थी। भवन का नक्शा केवल व्यावसायिक उपयोग के लिए स्वीकृत था, जबकि उसमें बड़ी संख्या में छात्रों को बैठाकर कोचिंग चलाई जा रही थी। नियमों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए PDA ने भवन को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया और मुख्य द्वार पर कानूनी नोटिस चस्पा कर दिया। लखनऊ अग्निकांड के बाद प्रदेशभर में कोचिंग संस्थानों, लाइब्रेरी और शैक्षणिक परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक जांच शुरू की गई है। प्रशासन फायर एनओसी, इमरजेंसी एग्जिट, भवन की संरचना, लिफ्ट सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था और आपदा प्रबंधन के मानकों की जांच कर रहा है। अधिकारियों का कहना है कि छात्रों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों पर सख्त कार्रवाई होगी।

प्रयागराज ही नहीं, वाराणसी, कानपुर, आगरा, अलीगढ़ और अन्य शहरों में भी प्रशासनिक टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं। वाराणसी विकास प्राधिकरण (VDA) ने नियमों का पालन न करने पर एक साथ 8 कोचिंग सेंटरों को सील किया है, जबकि कानपुर में भी कई संस्थानों पर कार्रवाई की गई है। बताया जा रहा है कि प्रदेशभर में 50 से अधिक कोचिंग संस्थान प्रशासन के रडार पर हैं। वहीं, लखनऊ अग्निकांड में जान गंवाने वाले छात्रों को न्याय दिलाने की मांग तेज हो गई है। प्रयागराज समेत कई शहरों में छात्रों ने कैंडल मार्च निकालकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि अगर सुरक्षा मानकों का पालन किया गया होता तो इतनी बड़ी त्रासदी टाली जा सकती थी। लखनऊ हादसे के बाद अब पूरे उत्तर प्रदेश में शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में और भी संस्थानों की जांच होगी और जो भी संस्था नियमों का उल्लंघन करती पाई जाएगी, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बंगाल में मिड-डे मील पर सियासी संग्राम

## अंडे हटाने की चर्चा से गरमाई राजनीति



पश्चिम बंगाल में अब मिड-डे मील के मेन्यू को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भाजपा सरकार पर स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन से अंडे हटाकर शाकाहार थोपने का आरोप लगाया है। टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा कि बच्चों के पोषण से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और बंगाल की खानपान संस्कृति पर किसी तरह की दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विवाद की शुरुआत तब हुई जब राज्य सरकार ने मिड-डे मील योजना के संचालन में इस्कॉन की भागीदारी का प्रस्ताव रखा। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रस्तावित मेन्यू में अंडों की जगह पौधों से प्राप्त प्रोटीन स्रोतों को शामिल किए जाने की चर्चा है। हालांकि इस संबंध में अभी कोई अंतिम आधिकारिक निर्णय सामने नहीं आया है, लेकिन इस खबर के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के दौरान मछली और खानपान को लेकर जो राजनीति की गई थी, अब उसका असर सरकारी नीतियों में दिखाई देने लगा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर विरोधियों पर अंडे फेंकने की घटनाएं हो रही हैं और दूसरी ओर गरीब बच्चों को मिलने वाले पोषणयुक्त भोजन से अंडे हटाने की कोशिश की जा रही है। डेरेक ने कहा कि यह केवल भोजन का मुद्दा नहीं बल्कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण का सवाल है। दूसरी तरफ भाजपा सरकार का कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार ने मिड-डे मील पर प्रति छात्र खर्च बढ़ाकर 10 रुपये करने की घोषणा की है। सरकार का दावा है कि इस बढ़े हुए बजट और इस्कॉन के सहयोग से भोजन की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा बच्चों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार पौधों से मिलने वाले प्रोटीन को भी संतुलित आहार का हिस्सा बनाया जा सकता है। बंगाल में अंडा, मछली और चावल सिर्फ भोजन नहीं बल्कि स्थानीय संस्कृति और दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माने जाते हैं। यही कारण है कि मिड-डे मील से अंडे हटाने की संभावित चर्चा ने राजनीतिक और सामाजिक बहस को जन्म दे दिया है। विशेषज्ञों का भी मानना है कि गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चों के लिए मिड-डे मील पोषण का महत्वपूर्ण स्रोत है, इसलिए किसी भी बदलाव से पहले वैज्ञानिक और स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं पर गंभीर विचार होना चाहिए। अब सभी की नजर राज्य सरकार के अंतिम फैसले पर टिकी हुई है।

# मुंद्रा ड्रग्स केस में ईडी का बड़ा एक्शन

## दिल्ली में 5 ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

देश के सबसे चर्चित ड्रग्स मामलों में शामिल मुंद्रा पोर्ट ड्रग्स केस में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजधानी दिल्ली में कई स्थानों पर छापेमारी की है। 2021 में गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह से लगभग 2,988 किलोग्राम अफगानी हेरोइन की ऐतिहासिक बरामदगी के बाद शुरू हुई जांच अब मनी लॉन्ड्रिंग एंगल तक पहुंच चुकी है। इसी कड़ी में ईडी ने बुधवार को दिल्ली स्थित करीब पांच परिसरों पर एक साथ छापे मारे। अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के तहत की गई है। जांच एजेंसी उन वित्तीय लेन-देन और नेटवर्क की पड़ताल कर रही है, जिनका संबंध ड्रग्स तस्करी से अर्जित धन को वैध बनाने से हो सकता है। छापेमारी के दायरे में दिल्ली के कारोबारी हरप्रीत सिंह तलवार उर्फ कबीर तलवार के ठिकाने भी शामिल हैं। हरप्रीत सिंह तलवार राजधानी दिल्ली के चर्चित नाइट क्लब कारोबार से जुड़े रहे हैं। उन्हें अगस्त 2022 में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने ड्रग्स तस्करी से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया था। हाल ही में गुजरात हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद वह जेल से बाहर आए थे। अब ईडी उनकी वित्तीय गतिविधियों, संपत्तियों और कथित मनी ट्रेल की गहन जांच कर रही है।

गौरतलब है कि सितंबर 2021 में गुजरात के कच्छ जिले स्थित मुंद्रा बंदरगाह से राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) ने लगभग 2,988.21 किलोग्राम अफगानी हेरोइन जब्त की थी। इसे भारत में अब तक की सबसे बड़ी ड्रग्स बरामदगी में से एक माना जाता है। बरामद ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत हजारों करोड़ रुपये आंकी गई थी। जांच के दौरान कई राज्यों में छापेमारी, गिरफ्तारियां और पूछताछ की कार्रवाई की जा चुकी है। अब ईडी इस पूरे नेटवर्क के आर्थिक पहलुओं की जांच कर रही है। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि ड्रग्स तस्करी से जुड़े धन का उपयोग किन व्यवसायों, कंपनियों और संपत्तियों में किया गया। माना जा रहा है कि जांच के दायरे में आने वाले लोगों की संख्या आगे और बढ़ सकती है। देश की सुरक्षा और नशे के खिलाफ चल रही लड़ाई के बीच इस मामले को बेहद अहम माना जा रहा है। ईडी की ताजा कार्रवाई से साफ संकेत मिला है कि जांच एजेंसियां ड्रग्स नेटवर्क से जुड़े आर्थिक तंत्र को भी पूरी तरह ध्वस्त करने की तैयारी में हैं।

# 33 डिग्री की गर्मी में पहनी हुडी

## यहीं से खुल गया कत्ल का राज! मंगेतर और प्रेमी ने मिलकर रची थी केतन की हत्या की साजिश

महाराष्ट्र के पुणे में कारोबारी केतन अग्रवाल की मौत का मामला अब एक सनसनीखेज मर्डर मिस्ट्री बन गया है। शुरुआत में जिस घटना को एक हादसा माना जा रहा था, वह पुलिस जांच में सुनियोजित हत्या निकली। इस मामले में पुलिस ने मृतक की मंगेतर सिया गोयल और उसके कथित प्रेमी चेतन चौधरी को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आए खुलासों ने सभी को हैरान कर दिया है। पुलिस के मुताबिक, केतन अग्रवाल और सिया गोयल की इसी साल फरवरी में सगाई हुई थी और नवंबर में उदयपुर के एक आलीशान महल में उनकी भव्य शादी की तैयारियां चल रही थीं। दोनों परिवार शादी को लेकर उत्साहित थे, लेकिन सिया इस रिश्ते से खुश नहीं थी। जांच में सामने आया कि वह किसी और से प्रेम करती थी और शादी नहीं करना चाहती थी। हालांकि परिवार और समाज में बदनामी के डर से वह सगाई तोड़ने का साहस नहीं जुटा पा रही थी। इसी वजह से उसने अपने प्रेमी चेतन चौधरी के साथ मिलकर केतन को रास्ते से हटाने की खौफनाक साजिश रच डाली। मामले का सबसे बड़ा सुराग एक सीसीटीवी फुटेज से मिला। पुलिस को लोहगढ़ किले के टिकट काउंटर के पास लगे कैमरे में केतन और सिया साथ चलते हुए दिखाई दिए। उनके पीछे एक युवक भी नजर आया जिसने शॉर्ट्स के साथ हुडी पहन रखी थी और बार-बार अपना चेहरा छिपाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस को यह बात इसलिए संदिग्ध लगी क्योंकि उस दिन तापमान करीब 33 डिग्री सेल्सियस था। इतनी भीषण गर्मी में हुडी पहनना और चेहरा छिपाना सामान्य नहीं था। फुटेज में यह भी दिखा कि जब-जब सिया पीछे मुड़कर देखती, वह युवक झुक जाता या खुद को छिपाने की कोशिश करता। बाद में उसकी पहचान चेतन चौधरी के रूप में हुई। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि हत्या की योजना एक दिन में नहीं बनाई गई थी। पुलिस के अनुसार, सिया पहले भी कई बार केतन को लोहगढ़ किले पर ले जाने की कोशिश कर चुकी थी। 14 जून को भी कथित रूप से उसे खाई में धक्का देने का प्रयास किया गया था, लेकिन उस समय केतन ने झाड़ी पकड़कर खुद को बचा लिया। तब सिया ने सांप दिखने का बहाना बनाकर मामला संभाल लिया था। इसके अलावा केतन का पासपोर्ट भी रहस्यमय तरीके से गायब हो गया था, जिसके कारण उनका विदेश दौरा रद्द हो गया था। पुलिस को शक है कि यह भी साजिश का हिस्सा था। मामले में नया मोड़ तब आया जब पुलिस ने सिया के मोबाइल फोन और कॉल रिकॉर्ड्स की जांच की। जांच में पता चला कि सिया और चेतन के बीच घंटों बातचीत होती थी। दोनों लगातार संपर्क में थे और हत्या से पहले भी कई बार बातचीत हुई थी। पुलिस ने चेतन की सोशल मीडिया तस्वीरों का मिलान सीसीटीवी फुटेज से किया, जिसके बाद संदेह और मजबूत हो गया। लोनावला ग्रामीण पुलिस और क्राइम ब्रांच ने जब चेतन को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने कथित तौर पर पूरी साजिश का खुलासा कर दिया। पूछताछ में सामने आया कि सिया और चेतन ने मिलकर केतन को रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी। पुलिस का दावा है कि 18 जून को दोनों ने मौका देखकर केतन को खाई में धक्का दे दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस सनसनीखेज हत्याकांड ने पूरे महाराष्ट्र को झकझोर कर रख दिया है। जिस शादी की तैयारियां करोड़ों रुपये के बजट और शाही अंदाज में हो रही थीं, वही रिश्ता एक खौफनाक साजिश और हत्या में बदल गया।



# तुमने लाखों दिल जीते हैं, तुम हकदार हो' आर. माधवन को पद्म श्री सम्मान मिलने पर पत्नी सरिता ने दी बधाई

Wife Sarita Congratulates Madhavan: आर माधवन को प्रतिष्ठित सम्मान पद्म श्री से नवाजे जाने पर उनकी पत्नी सरिता बिरजे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। साथ ही एक खूबसूरत नोट लिखा है।



मशहूर अभिनेता आर माधवन को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते दिन मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में पद्म अवॉर्ड्स दिए। वहीं, अभिनेता माधवन को पद्म श्री पुरस्कार से नवाजा गया। इसके बाद उनकी पत्नी सरिता बिरजे ने अभिनेता के लिए खास पोस्ट साझा कर बधाई दी है। मशहूर अभिनेता आर माधवन को पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते दिन मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में पद्म अवॉर्ड्स दिए। वहीं, अभिनेता माधवन को पद्म श्री पुरस्कार से नवाजा गया। इसके बाद उनकी पत्नी सरिता बिरजे ने अभिनेता के लिए खास पोस्ट साझा कर बधाई दी है।



इस वर्ष के पद्म पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने के लिए पुरस्कार वितरण समारोह का दूसरा संस्करण बीते दिन नई दिल्ली में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस सम्मान समारोह में उपस्थित रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विजेताओं को सम्मान से नवाजा। साउथ सिनेमा और हिंदी सिनेमा में अपने बेजोड़ अभिनय से दिल जीतने वाले अभिनेता माधवन को पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किया गया। यह सम्मान मिलने पर माधवन ने भारत सरकार का आभार जताया। माधवन को जिस घड़ी पद्म श्री से सम्मानित किया गया, वहां उनका परिवार भी मौजूद रहा। बाद में अभिनेता की पत्नी सरिता बिरजे ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए पोस्ट साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा है,माधवन को जिस घड़ी पद्म श्री से सम्मानित किया गया, वहां उनका परिवार भी मौजूद रहा। बाद में अभिनेता की पत्नी सरिता बिरजे ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए पोस्ट साझा किया। इसके साथ उन्होंने लिखा है,

# 'खुदकुशी मत करना' एक ही दिन में मनोज बाजपेयी को लगे थे तीन बड़े झटके निर्देशक ने दी थी ये सलाह



Manoj Bajpayee: मनोज बाजपेयी ने हाल ही में अपनी जिंदगी के संघर्ष के बारे में बताया है। उन्हें एक ही दिन में तीन बड़े झटका लगा था। मनोज बाजपेयी आज बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन अदाकारों में शामिल होते हैं। कई फिल्मों में उनकी अदाकारी को देखकर ऐसा लगता है कि यह फिल्म उनको ध्यान में रखकर लिखी गई है। इसका हालिया उदाहरण 'गवर्नर' है। हालांकि मनोज बाजपेयी का सफर हमेशा से ऐसा नहीं था। उनकी जिंदगी संघर्षों से भरी रही है। हाल ही में उन्होंने अपनी जिंदगी के मुश्किल दौर को लेकर एक वाकिया सुनाया है। शेखर सुमन से बातचीत में मनोज बाजपेयी ने बताया 'जो दिन बुरा होता है या जो महीना बुरा होता है। उसके बारे में ऐसा लगता है कि इसका अंत नहीं है। एक बार मेरे पास तीन काम थे। एक शो में लीड रोल था। एक कॉरपोरेट फिल्म में लीड रोल था। एक अपकमिंग शो में मेरा रोल सेकेंड लीड था। मैं तीनों से एक ही दिन निकाला गया।' मनोज बाजपेयी ने आगे बताया 'शो के लिए मैं शूटिंग करने गया। पहला टेक हुआ। इसके बाद डायरेक्टर और असिस्टेंट डायरेक्टर किसी कमरे में चले गए। इसके बाद डायरेक्टर मुझे कॉस्ट्यूम रूम में लेकर गया। उसने कहा अपना कपड़ा पहन लो और यहां से जाओ। अभी कुछ सही नहीं लग रहा है। आपके लिए कोई दूसरा रोल होगा तो आपको बताएंगे।' उन्होंने आगे बताया 'जब मैं वहां से वापस आ रहा था तब मेरे दिमाग में आया कि वो जो कॉरपोरेट फिल्म है, उसकी शूटिंग शुरू हो चुकी है। मैं जाता हूं और देखता हूं कि वहां पर क्या हो रहा है। जब मैं वहां पहुंचा तो विक्टर ने मुझसे पूछा कि तुम यहां कैसे? मैंने कहा- मैं ऐसे ही आया इधर। विक्टर ने पूछा कि वहां तेरा कैसा रहा? मैंने कहा- मुझे वहां से निकाल दिया। मैंने पूछा- यहां दो-तीन दिन के बाद काम है? इस पर विक्टर ने कहा कि मुझे बोलना तो नहीं चाहिए लेकिन यहां से किसी दूसरे को ले लिया। इसके बाद विक्टर ने कहा कि यहां से तुम कमरे पर जाओगे ना? तो मैंने कहा- हां। तो विक्टर ने कहा कि यार तुम आत्महत्या मत करना।' मनोज बाजपेयी ने आगे बताया 'मैंने सोचा कि मैं उस सीरियल के बारे में पूछूं जो शूट होने वाला है। मैंने फोन किया तो असिस्टेंट डायरेक्टर ने उठाया।

# पद्म भूषण सम्मान मिलने के बाद भावुक हुईं अलका याग्निक गायिका ने दी सेहत को लेकर अहम जानकारी



Alka Yagnik: अलका याग्निक को मंगलवार को पद्म भूषण सम्मान से नवाजा गया है। इस मौके पर उन्होंने इस अवॉर्ड और अपनी सेहत के बारे में खास बात लिखी है। सिंगर अलका यागनिक अपनी सेहत को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने पद्म भूषण सम्मान मिलने पर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। न्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर इस सम्मान के लिए आभार जताया।

इसके साथ ही उन्होंने अपनी सेहत से जुड़ी मुश्किलों के बारे में भी बात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पद्म अवॉर्ड्स 2026 दिए। मशहूर सिंगर को कल पद्म भूषण अवॉर्ड मिला। समारोह के दौरान, उन्हें चलने-फिरने के लिए वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों और इवेंट स्टाफ की मदद लेनी पड़ी, जिससे लोगों का ध्यान उनकी ओर गया। वे उनकी सेहत को लेकर चिंतित हुए। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी सेहत के बारे में लिखा। अलका याग्निक ने लिखा, 'पिछले दो वर्षों से मैं पब्लिक में आने से और अपने सफर के बारे में ज्यादातर बातें शेयर करने से दूर रही हूं। आप में से कई लोग जानते थे कि मेरी सेहत ठीक नहीं है। इस सब के दौरान, आपका प्यार, दुआएं, मैसेज और सपोर्ट हर कदम पर मेरे साथ रहा है।'

# एक्शन से हटकर अलग अवतार में दिखेंगे टॉम क्रूज जारी हुआ नई फिल्म 'डिगर' का पहला लुक

Digger: हॉलीवुड के दिग्गज कलाकार टॉम क्रूज जल्द ही 'डिगर' में नजर आने वाले हैं। मेकर्स ने इस फिल्म की पहली झलक साझा की है। टॉम क्रूज इसे लेकर उत्साहित हैं। हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने सिनेमा के सबसे बड़े एक्शन स्टार्स में से एक के तौर पर अपनी पहचान बनाई है। मगर इस बार वह अपकमिंग फिल्म 'डिगर' में एक बिल्कुल अलग अवतार में दर्शकों को हैरान करने के लिए तैयार हैं। इसमें उनके टैलेंट का एक नया और अनोखा पहलू देखने को मिलेगा। मंगलवार को, ऑस्कर विजेता फिल्ममेकर एलेजांद्रो गोंजालेज इनारितु की नई ब्लैक कॉमेडी फिल्म 'डिगर' से जुड़े वीडियो और तस्वीरें सामने आईं। वॉर्नर ब्रदर्स ने टॉम क्रूज के शानदार करियर का जश्न मनाते हुए यह वीडियो जारी किया है, जिसमें फैंस को 'डिगर' की पहली झलक देखने को मिली है। भले ही यह फुटेज छोटा है, लेकिन इसमें क्रूज को 'डिगर रॉकवेल' के रूप में दिखाया गया है। यह ऐसा किरदार है जिसे दुनिया का सबसे ताकतवर आदमी माना जाता है। उनके हालिया काम में अक्सर दिखने वाले एक्शन-हीरो वाले अंदाज से बिल्कुल अलग, यह रोल क्रूज को एक डार्क कॉमेडी और अलग दुनिया में ले जाता हुआ लगता है। इस फुटेज को शेयर करते हुए टॉम क्रूज ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'पिछले 46 वर्षों से आप सभी के लिए कहानियां और फिल्में बनाने के लिए अनगिनत टैलेंटेड कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है।



# 'हीरामंडी' फेम श्रुति शर्मा बोलीं 'कई बड़े प्रोजेक्ट्स मुझे छोड़ने पड़ते है उनमें बहुत इंटीमेसी होती है'



Shruti Sharma Exclusive Interview: 'हीरामंडी' फेम श्रुति शर्मा ने अमर उजाला से खास बातचीत में बताया है कि वह किस तरह के प्रोजेक्ट नहीं करना चाहती हैं। उन्होंने यह भी बताया है कि वह 'हीरामंडी 2' को लेकर क्या सोच रही हैं।

अभिनेत्री श्रुति शर्मा ने संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में साइमा का किरदार निभाया था। सीरीज में उनका रोल भले छोटा था, लेकिन ऑडियंस ने उनके अभिनय को काफी पसंद किया। हाल ही में अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत में श्रुति शर्मा ने 'हीरामंडी' के बाद जिंदगी में आए बदलाव, इंडस्ट्री से मिलने वाले प्रस्ताव और 'हीरामंडी 2' को लेकर खुलकर अपनी बात रखी।



श्रुति शर्मा ने कहा, 'हीरामंडी बहुत अच्छा प्रोजेक्ट रहा, उसमें बहुत अच्छा रिस्पॉन्स आया। उसके बाद मेरे पास बहुत अच्छे ऑफर्स भी आए। मैंने उसके बाद सीरीज 'मिट्टी' भी साइन की। अब 'ऑफिस ऑफिस - चली मुसद्दीलाल की बेटी' कर रही हूं। दरअसल, मैं हमेशा से बहुत क्लीन वर्क करने में विश्वास करती हूं। अगर मैं कोई काम कर रही हूं, तो मैं चाहूंगी कि मेरे पास उसमें सच में कुछ करने के लिए हो। मैं ऐसे प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनना चाहती हूं, जहां मुझे खुद को भी चुनौती देने का मौका मिले।' श्रुति शर्मा ने बताया कि कई बार बड़े प्रोजेक्ट्स मिलने के बावजूद वह उन्हें स्वीकार नहीं कर पातीं। उन्होंने कहा 'आजकल बहुत सारे प्रोजेक्ट्स आते हैं लेकिन कई बार उनमें बहुत सारी इंटीमेसी होती है। बहुत सारी ऐसी चीजें होती हैं, जिनके साथ मैं सहज नहीं हूं तो मुझे बहुत बार मना करना पड़ता है। मैं किस तरह का काम कर रही हूं।'

# 'कॉकटेल 2' से आधी हुई 'मां इंटी बंगारम' की कमाई दूसरे हफ्ते 'मैं वापस आऊंगा' ने पकड़ी रफ्तार

Box Office Collection: 'कॉकटेल 2' और 'मां इंटी बंगारम' ने मंगलवार को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया है। 'पेद्दी' और 'है जवानी तो इश्क होना है' की कमाई लाखों में सिमट गई है। मंगलवार का दिन फिल्मों की कमाई के लिहाज से मिलाजुला रहा। 'कॉकटेल 2' ने जहां बॉक्स ऑफिस पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई, वहीं 'मां इंटी बंगारम' ने भी अच्छा कलेक्शन किया है। मैं वापस आऊंगा' को दूसरे हफ्ते में भी



दर्शक प्यार दे रहे हैं। कई फिल्मों का कलेक्शन अब लाखों में सिमट गया है। शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की अदाकारी वाली फिल्म 'कॉकटेल 2' ने पांचवें दिन बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन किया है। मंगलवार को इसने 6.65 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। सोमवार को इसने 6.35 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वीकएंड के बाद इस फिल्म का कलेक्शन घटा है। फिल्म का टोटल कलेक्शन 60.90 करोड़ रुपये हो गया है। सामंथा रुथ प्रभु की फिल्म 'मां इंटी बंगारम' भी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा दिखा रही है। पांचवें दिन इसने 3.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। सोमवार को इसने 4.10 करोड़ रुपये कमाए थे। वीकएंड पर इस फिल्म ने अच्छी कमाई की थी। इसका टोटल कलेक्शन 30.70 करोड़ रुपये हो गया है।

इम्तियाज अली की फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' दूसरे हफ्ते भी अच्छा कलेक्शन कर रही है। बारहवें दिन इसने 3.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। दूसरे सोमवार को इसने 2.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वीकएंड पर फिल्म ने अच्छी कमाई की थी। अब फिल्म का टोटल कलेक्शन 29.85 करोड़ रुपये हो गया है। राम चरण की फिल्म 'पेद्दी' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की। वीकएंड पर इसके कलेक्शन में इजाफा हुआ।

# Exclusive: 'जो लोग देखना पसंद करेंगे वहां दिख जाऊंगा ग्राम चिकित्सालय 2 से जुड़े निरहुआ सुनाए मजेदार किस्से



Dinesh lal yadav Exclusive Interview: भोजपुरी स्टार दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ अब वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय सीजन 2' में नजर आने वाले हैं। अमर उजाला से हुई खास बातचीत में उन्होंने इस आगामी सीरीज और अपने करियर को लेकर कई बातें साझा की हैं। Vखास बात ये है कि वह पहले सीजन में भी इस सीरीज का हिस्सा बनना चाहते थे, लेकिन उस वक्त बात नहीं बन पाई। अब दूसरे सीजन से जुड़कर वह काफी खुश हैं। हाल ही में अमर उजाला डिजिटल से बातचीत में निरहुआ ने सीरीज, अपने किरदार और ओटीटी के दौर में बदलती इंडस्ट्री पर बात की।

निरहुआ ने बताया कि ग्राम चिकित्सालय उन्हें शुरू से पसंद था और पहले सीजन में शामिल न हो पाना उन्हें कहीं न कहीं खटका भी था। उन्होंने कहा, 'जब मुझे ये सीरीज ऑफर हुई तो बहुत खुश हुआ। क्योंकि मैं इसका पहला सीजन ही करना चाहता था। जब पहला सीजन आया तो मैंने परिवार के साथ बैठकर देखा और मुझे बहुत आनंद आया। मैं घर में यही बात कर रहा था कि यार मैं भी करने वाला था लेकिन कुछ कारणों से नहीं कर पाया। फिर जैसे ही पता चला कि इसका दूसरा सीजन भी आ रहा है तो बहुत खुश हुआ। मैंने इसमें काम किया क्योंकि यह मेरा फेवरेट शो है।' अपने किरदार के बारे में बात करते हुए निरहुआ कहते हैं, 'मेरा किरदार ऐसा है जैसा आदमी लगभग हर गांव में मिल ही जाएगा। एक ऐसा दबंग टाइप का आदमी जिसको सब पता है कि कौन क्या करके आया है? सिस्टम कैसे चलता है? वो सब जानता है। हर जगह ऐसे लोग मिलते हैं और हमारा पाला भी बहुत पड़ता है। लोगों को देखने को मिलेगा कि गांव में दबंग आदमी असल में होता कैसा है।' अपने किरदार की तैयारी पर निरहुआ ने कहा, 'एक्टर्स के लिए सीखने की प्रक्रिया कभी रुकती नहीं है। हां कुछ किरदारों के लिए ज्यादा वर्कशॉप नहीं करनी पड़ती क्योंकि रियल लाइफ में ऐसे लोग मिलते रहते हैं। हम अभिनेताओं की पढ़ाई 24 घंटा चलती रहती है। हम जहां भी जाते हैं लोगों को ऑब्जर्व करते हैं कि ये कैसे बात कर रहा है, कैसे बिहेव कर रहा है। फिर जब मौका मिलता है तो उसी को पर्दे पर उतारने की कोशिश करते हैं।' OTT पर बात करते हुए निरहुआ ने कहा, 'पहले फिल्मों में दो घंटे का दबाव रहता था, लेकिन अब कहानी को विस्तार से दिखाने का मौका मिल रहा है। पिछले कुछ वर्षों में बहुत बदलाव हुआ है।' थिएटर और OTT को लेकर चल रही बहस पर निरहुआ का कहना है कि उन्हें कभी इस बात की चिंता नहीं होती कि कौन सा प्लेटफॉर्म आगे रहेगा। वो कहते हैं, 'मैं बदलाव के लिए हमेशा तैयार रहता हूं। अगर कोई मुझसे कहता है कि थिएटर में फिल्म नहीं चल रही, लोग नहीं देख रहे, तो मैं कहता हूं... लोग जहां देख रहे हैं मैं वहीं दिखूंगा। कि थिएटर में फिल्म नहीं चल रही, लोग नहीं देख रहे, तो मैं कहता हूं...



# India-US Trade Deal: व्यापार समझौता अंतिम चरण में पहुंचा

## अमेरिकी अधिकारी ने कहा- हम समझौते के बेहद करीब



भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता अंतिम चरण में पहुंच गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि दोनों देश समझौते के बेहद करीब हैं। इस समझौते का उद्देश्य व्यापार बढ़ाना, बाजारों तक पहुंच आसान बनाना और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना है।भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता को लेकर दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के लिए अमेरिकी की उप सहायक सचिव बेथनी पॉलोस मॉरिसन ने बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने कहा दोनों देश इस समझौते को पूरा करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में बताया कि फरवरी 2026 में इस समझौते को अंतिम रूप देने का इरादा जताया गया था और अब हम समझौते के बहुत, बहुत करीब हैं। उन्होंने आगे कहा, इस प्रस्तावित समझौते से अमेरिका के कई सामान के लिए भारत का 1.4 अरब लोगों का विशाल बाजार खुल जाएगा। यह समझौता दोनों देशों के लिए बराबरी के आधार पर फायदेमंद होगा। अमेरिकी प्रशासन मिशन 500 के लक्ष्य पर तेजी से काम कर रहा है। इसका उद्देश्य साल 2030 तक दोनों देशों के बीच आपसी व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए दोनों पक्ष काफी गंभीरता दिखा रहे हैं। व्यापार के आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2025 भारत और अमेरिका के लिए एक ऐतिहासिक साल रहा है। इस दौरान दोनों देशों के बीच सामान का द्विपक्षीय व्यापार 149 अरब डॉलर तक पहुंच गया। यह साल 2024 के मुकाबले 20 मिलियन डॉलर से भी ज्यादा की बढ़ोतरी है। केवल भारत को होने वाले अमेरिकी निर्यात में ही 9.8 प्रतिशत का उछाल देखा गया है। निवेश के मामले में भी भारतीय कंपनियां अमेरिका में काफी दिलचस्पी दिखा रही हैं। 'सिलेक्ट यूएसए' कार्यक्रम के दौरान भारत की ओर से अमेरिका में 20 अरब डॉलर के नए निवेश की संभावना दिखी। इसमें से 1.1 अरब डॉलर का निवेश तुरंत किया गया है। दोनों देश अपने आर्थिक रिश्तों को विस्तार देने के लिए बहुत तेजी से कदम उठा रहे हैं। इसी सिलसिले में अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर और भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। इस बैठक में अंतरिम समझौते पर बातचीत को आगे बढ़ाया गया। इस समझौते की नींव राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने रखी थी। बैठक में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर और एक उच्च स्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुआ।

अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया पर बताया कि उनका मुख्य ध्यान एक निष्पक्ष व्यापार समझौता करने पर है। इससे अमेरिकी निर्यातकों के लिए बाजार खुलेगा और दोनों देशों को लाभ मिलेगा। वाणिज्य भवन में हुई इस उच्च स्तरीय बैठक में अंतरिम समझौते के साथ-साथ एक बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भी चर्चा हुई। पीयूष गोयल ने अमेरिकी अधिकारियों का स्वागत किया और व्यापारिक रिश्तों के भविष्य को लेकर सकारात्मक उम्मीद जताई।




## नीरव मोदी को बड़ा झटका: ब्रिटिश कोर्ट का आदेश

### बैंक फ्रॉड मामले में 100 करोड़ से अधिक भुगतान करना होगा

लंदन की एक अदालत ने बैंक ऑफ इंडिया के पक्ष में फैसला सुनाया है। मामला भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी से जुड़ा है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद नीरव मोदी को 100 करोड़ रुपये से अधिक राशि लौटानी पड़ेगी। विदेशी मुद्रा में ये बकाया राशि करीब 10.7 मिलियन डॉलर होगी। भारत के भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को ब्रिटिश कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब नीरव मोदी को बैंक फ्रॉड मामले में 100 करोड़ से अधिक भुगतान करना होगा। हाईकोर्ट के न्यायाधीश साइमन टिंकलर ने नीरव को व्यक्तिगत गारंटी के तहत देनदार ठहराया। खबरों के मुताबिक नीरव पर 4.1 मिलियन डॉलर (लगभग 38.9 करोड़ रुपये) की मूल राशि बकाया है। बैंक इसमें निर्धारित ब्याज भी जोड़ेगा।रिपोर्ट्स के मुताबिक मंगलवार को (ब्रिटिश टाइम) हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान नीरव या उनके वकील ने अपने बचाव में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। नीरव ने तर्क दिया था कि गारंटी लागू करने योग्य नहीं थी। उसने बैंक से वैध मांगें कभी प्राप्त नहीं की थीं। बैंक ऑफ इंडिया ने जुलाई 2012 में नीरव की कंपनी फायरस्टार डायमंड एफजेडई को दुबई में कर्ज दिया था। नीरव ने 3 अगस्त 2013 को इसकी व्यक्तिगत गारंटी दी थी।



2018 की शुरुआत में, जब नीरव द्वारा पंजाब नेशनल बैंक में कथित धोखाधड़ी की खबर फैली, तो बैंक ऑफ इंडिया ने कर्ज वापस मांगने का फैसला किया। मार्च और अप्रैल 2018 में फायरस्टार और नीरव को भेजे गए नोटिस का जवाब नहीं मिला। 8 मार्च 2024 को बैंक ऑफ इंडिया ने 4.1 मिलियन डॉलर की मूल राशि और ब्याज के लिए सारांश निर्णय प्राप्त किया। बैंक ने अक्तूबर 2025 में नीरव को एक और मांग भेजी। न्यायाधीश टिंकलर ने कहा कि फरवरी 2018 से फायरस्टार समूह की हर कंपनी प्रभावित हुई थी।न्यायाधीश टिंकलर ने बताया कि 17 फरवरी 2018 को नीरव ने बैंक को ईमेल भेजा था। इसमें उसने मीडिया की हलचल से संचालन बंद होने की बात कही थी। उसने समूह की बैंकों को बकाया चुकाने में असमर्थता भी बताई थी। नीरव ने अप्रैल 2018 और अक्तूबर 2025 की मांगें मिलने से इन्कार किया। हालांकि, टिंकलर संतुष्ट थे कि दोनों मांगें उसे प्राप्त हुई थीं और उन्होंने गारंटी को लागू करने योग्य पाया।

## कमजोर मानसून बड़ी चुनौती: देश पर सूखे का साया

### 22 दिनों में सामान्य से 43 फीसदी कम बारिश;



देश में मानसून के शुरुआती महीने में 43% कम बारिश हुई है, जिससे कई राज्यों में खेती और खरीफ फसलों पर खतरा बढ़ गया है। महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश जैसे बड़े कृषि राज्यों में बारिश की भारी कमी से बुवाई और उत्पादन पर असर दिखने लगा है। पढ़िए रिपोर्ट दक्षिण-पश्चिम मानसून का पहला महीना खत्म होने में सिर्फ एक सप्ताह बचा है, लेकिन अब तक बीता यह सीजन देश के अन्नदाताओं और अर्थव्यवस्था के लिए सूखे जैसी बड़ी चुनौती लेकर आया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, एक से 22 जून तक देशभर में सामान्य से 43 फीसदी कम बारिश हुई है। मानसून की स्थिति में अगर तुरंत सुधार नहीं हुआ, तो देश के प्रमुख कृषि राज्यों में खरीफ की खेती पर तगड़ी मार पड़ सकती है। इससे न सिर्फ ग्रामीण इलाकों में मांग प्रभावित होगी, बल्कि खाद्य महंगाई का खतरा भी तेजी से बढ़ेगा। दरअसल, देश में सबसे ज्यादा खरीफ उत्पादन करने वाले महाराष्ट्र में सामान्य से 82 फीसदी और गुजरात में 75 फीसदी कम बारिश हुई है। छत्तीसगढ़ में 69 फीसदी और मध्य प्रदेश में 52 फीसदी कम बरसात दर्ज की गई है।

भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, 2 जुलाई को समाप्त होने वाले सप्ताह तक मानसून ऐसे ही कमजोर रह सकता है। इसका असर खरीफ फसलों और संवेदनशील इलाकों पर पड़ेगा। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, देश के 315 जिलों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। इससे खरीफ फसलों की बुवाई पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। देश में अब तक कुल खरीफ क्षेत्र का करीब 10 फीसदी हिस्सा ही बोया गया है। 22 जून तक खरीफ फसलों का कुल रकबा 1.17 करोड़ हेक्टेयर रहा। हालांकि, यह पिछले वर्ष की समान अवधि (1.13 करोड़ हेक्टेयर) से थोड़ा अधिक है, लेकिन पानी की कमी से आगे की बुवाई और बोई जा चुकी फसलों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है।सरकार ने 111 जिलों को अति-संवेदनशील के रूप में चिन्हित किया है।

## Gold Silver Price:

### डॉलर की मजबूती से सोना 3000 रुपये, चांदी

दिल्ली में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मजबूत अमेरिकी डॉलर और ब्याज दरें बढ़ने की आशंका से कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा। जानें क्या कहते हैं विशेषज्ञ। देश की राजधानी दिल्ली में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण विदेशी बाजारों में कीमती धातुओं पर दबाव बढ़ा। सोना 3,000 रुपये सस्ता होकर 1.49 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं, चांदी 10,500 रुपये गिरकर दो महीने से अधिक के निचले स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाला सोना 3,000 रुपये या 2 फीसदी गिरकर 1,49,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। इससे पहले 27 मार्च को सोना 1,47,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। चांदी भी इस बिकवाली की चपेट में आई। यह 10,500 रुपये या 4.3 फीसदी गिरकर 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। यह दो महीने से अधिक का सबसे निचला स्तर है।






इससे पहले तीन अप्रैल को सफेद धातु 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर कारोबार कर रही थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में स्पॉट गोल्ड 70.33 अमेरिकी डॉलर या लगभग 2 फीसदी गिरकर 4,121.10 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया। चांदी भी 4 फीसदी से अधिक गिरकर 62.27 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने बताया कि घरेलू बाजारों में सोने की कीमतें मंगलवार को कम रहीं। इसका मुख्य कारण मजबूत अमेरिकी डॉलर और ऊंची ब्याज दरों की उम्मीदें हैं। ये कारक कीमती धातुओं पर लगातार दबाव डाल रहे हैं। विश्लेषकों ने कहा कि मजबूत डॉलर कीमती धातुओं के लिए प्राथमिक चुनौती बनकर उभरा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में वृद्धि की चिंताओं से कमोडिटीज दबाव में हैं। डॉलर सूचकांक लगातार छठे सत्र में बढ़कर 101.15 पर पहुंच गया। यह मई 2025 के बाद का उच्चतम स्तर है। व्यापारियों ने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा एक और दर वृद्धि की संभावना को तेजी से शामिल किया है। इसी कारण डॉलर में मजबूती देखी जा रही है। फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। कोटक सिक्योरिटीज की एवीपी कमोडिटी रिसर्च कायनात चेनवाला ने कहा कि सोमवार को अमेरिकी-ईरान वार्ता में प्रगति से कच्चे तेल पर दबाव पड़ा था। इससे कीमती धातुओं में मामूली वृद्धि हुई थी। हालांकि, दर वृद्धि की उम्मीदों ने फिर से अपना प्रभुत्व जमा लिया। उन्होंने बताया कि सोने की कीमतें दबाव में रहने की संभावना है।

## The Bonus Market News:

### हरे निशान पर खुले सेंसेक्स-निफ्टी; शुरुआती कारोबार



**The Bonus Market News:** ईरान और अमेरिका के बीच सुलह के प्रयास तेजी से हो रहे हैं। इसी बीच आज शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। सेंसेक्स और निफ्टी में कारोबार की शुरुआत सपाट तरीके से हुई। शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे कमजोर हुआ। इस खबर में जानिए सेंसेक्स-निफ्टी में लिस्टेड कंपनियों का हाल आज सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान पर खुले। शुरुआती कारोबार में US डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे कमजोर हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 142 अंकों की बढ़त के साथ खुला और 76342 अंकों पर कारोबार कर रहा था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी में भी तेजी देखी गई। बाजार की ओपनिंग के वक्त 18 अंकों की बढ़त के साथ खुला निफ्टी 23842 पर कारोबार कर रहा था। पश्चिम एशिया में तनाव के बीच भारत के शेयर बाजार में निवेशक सतर्क रुख अपनाए हुए हैं।

मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को भारतीय शेयर बाजार की सपाट शुरुआत हुई। शुरुआती कारोबार में सूचकांकों में निफ्टी आईटी और निफ्टी फार्मा टॉप गेनर थे। इसके साथ निफ्टी हेल्थकेयर, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी प्राइवेट बैंक, निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी पीएसई हरे निशान में थे। निफ्टी ऑटो, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, निफ्टी मेटल, निफ्टी मीडिया और निफ्टी इन्फ्रा लाल निशान में थे। मिडकैप और स्मॉलकैप में भी मिलाजुला कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 60.90 अंक या 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 62,138.65 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 3 अंक की मामूली तेजी के साथ 18,823 पर था। ,



# Aaj Ka Rashifal 24 June

## तुला और कुंभ राशि वालों की आर्थिक स्थिति में सुधार जानें अन्य राशियों को हाल

24 June Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानें चंद्र राशि आधारित मेष से मीन तक सभी राशियों का 24 जून 2026 का दैनिक राशिफल और ग्रह गोचर का प्रभाव। 24 जून 2026 का दिन ज्योतिषीय दृष्टि से विशेष महत्व लेकर आ रहा है। द्रिक पंचांग के अनुसार इस दिन की शुरुआत ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि से होगी, जो शाम 06:12 बजे तक प्रभावी रहेगी,जिसके बाद एकादशी तिथि का आरंभ हो जाएगा। नक्षत्र की बात करें तो दिन की शुरुआत चित्रा नक्षत्र से होगीजो दोपहर 01:59 बजे तक रहेगा और इसके बाद स्वाति नक्षत्र का प्रभाव पूरे दिन बना रहेगा।



### मेष



आज का दिन आपको यह सिखाने आया है कि सफलता का रास्ता हमेशा आसान नहीं होता। जिम्मेदारियों का बोझ कुछ अधिक महसूस हो सकता है और विरोधी भी आपके कदम रोकने की कोशिश कर सकते हैं। लेकिन याद रखिए, आपकी मेहनत और दूरदर्शिता हर चुनौती को अवसर में बदल सकती है। आध्यात्मिक गतिविधियों की ओर मन आकर्षित होगा और किसी जरूरतमंद की सहायता करके आपको आत्मिक संतोष मिलेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी रखें, क्योंकि समय पर दिया गया ध्यान बड़ी चिंता को टाल सकता है।

### वृषभ



आज खुशियां धीरे-धीरे आपके आंगन में प्रवेश करती दिखाई देंगी। परिवार में किसी शुभ समाचार या नए सदस्य के आगमन की संभावना वातावरण को उत्साह से भर सकती है। समाज में आपके कार्यों की सराहना होगी और सम्मान बढ़ेगा। अतीत की कोई गलती आज आपको एक महत्वपूर्ण सीख देकर जाएगी। अधूरे कार्यों को पूरा करने की लगन बनी रहेगी। वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतें। आपकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आत्मविश्वास को नई ऊँचाई देंगे।

### मिथुन



आज आपके चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा का सुंदर वातावरण बना रहेगा। वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और करियर में बदलाव चाहने वालों के लिए नए अवसर सामने आ सकते हैं। खोई हुई प्रिय वस्तु मिलने की संभावना भी है। कामकाज में व्यस्तता रहेगी, लेकिन परिवार के साथ बिताए गए कुछ पल आपको मानसिक सुकून देंगे। यही संतुलन आपकी सफलता का वास्तविक आधार बनेगा।

### कर्क



आज आपकी प्रतिष्ठा और प्रभाव में वृद्धि के संकेत हैं। लोग आपके विचारों और व्यक्तित्व से प्रभावित होंगे। निवेश के लिए सरकारी योजनाएँ लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं, लेकिन किसी नई साझेदारी में कदम रखने से पहले अच्छी तरह विचार कर लें। जल्दबाजी से बचें, क्योंकि आज लिया गया गलत निर्णय लंबे समय तक याद रह सकता है। पिताजी के स्वास्थ्य को लेकर सजग रहें। धन वापसी की उम्मीद जिस व्यक्ति से है, वहाँ थोड़ा धैर्य रखना बेहतर होगा।

### सिंह



आज का दिन आपको जीवन का संतुलन सिखाएगा। मित्रों के साथ हँसी-खुशी के पल बिताने का अवसर मिलेगा और स्वादिष्ट भोजन का आनंद भी प्राप्त होगा। किसी सामाजिक या राजनीतिक मामले में अटका हुआ विषय सुलझ सकता है। परिवार के साथ किसी शुभ आयोजन में शामिल होकर मन प्रसन्न रहेगा। खर्च बढ़ सकते हैं, लेकिन ये खर्च आपकी इच्छाओं और खुशियों से जुड़े होंगे, इसलिए संतोष भी मिलेगा।

### कन्या



आज भाग्य आपके पक्ष में खड़ा दिखाई देता है। लंबे समय से चली आ रही कोई परेशानी समाप्त होने की ओर बढ़ सकती है। बस अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें और किए गए वादों को निभाने का प्रयास करें। उन्नति के मार्ग में जो रुकावटें थीं, वे धीरे-धीरे हटने लगेंगी। संतान शिक्षा या करियर में कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकती है। माता-पिता का आशीर्वाद आपके लिए सुरक्षा कवच की तरह कार्य करेगा।

### तुला



आज आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत स्पष्ट हैं। आय के नए स्रोत खुल सकते हैं और भविष्य के लिए आत्मविश्वास बढ़ेगा। विद्यार्थी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। नए लोगों से हुई मुलाकात आगे चलकर लाभदायक साबित हो सकती है। ससुराल पक्ष से सहयोग मिलने की संभावना है। परिवार में विवाह या किसी शुभ कार्य की चर्चा घर के माहौल को आनंदमय बना सकती है।

### वृश्चिक



आज अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना आवश्यक रहेगा। यदि कोई चिंता लंबे समय से मन को परेशान कर रही थी, तो उसका समाधान धीरे-धीरे सामने आने लगेगा। आत्मचिंतन आपको सही दिशा दिखाएगा। परिवार के साथ मनोरंजन या किसी विशेष कार्यक्रम में शामिल होकर खुशी के पल बिताएंगे। छोटी-मोटी कहासुनी हो सकती है, लेकिन आपका प्रेमपूर्ण व्यवहार रिश्तों को और मजबूत बना देगा।

### धनु



आज आर्थिक मामलों में विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सुविधाओं में वृद्धि होगी, लेकिन जोखिम भरे निर्णयों से बचना समझदारी होगी। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बातचीत भविष्य के लिए नए रास्ते खोल सकती है। यात्रा के दौरान मिली कोई जानकारी आगे चलकर बड़ा लाभ दे सकती है। माता-पिता का आशीर्वाद आपकी रुकी हुई योजनाओं को गति देगा।

### मकर



आज परिवार और करियर दोनों क्षेत्रों में संतुलन देखने को मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात मन को प्रसन्नता देगी। लंबे समय से मन में संजोई हुई कोई इच्छा पूरी होने के संकेत हैं। विद्यार्थियों के लिए सफलता का समय है, बशर्ते वे पूरी एकाग्रता बनाए रखें। सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। विदेश में शिक्षा या करियर की योजना बना रहे लोगों को शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

### कुंभ



आज खर्चों पर नियंत्रण रखना आवश्यक होगा। दिखावे से दूर रहना आपके लिए लाभकारी रहेगा। संतान के भविष्य से जुड़ा कोई महत्वपूर्ण निर्णय लिया जा सकता है। ससुराल पक्ष से आर्थिक सहयोग मिलने के योग हैं। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई नई चर्चा या विवाद उभर सकता है, इसलिए संयम और समझदारी से काम लें। मित्रों के साथ बिताया गया समय मानसिक तनाव को कम करेगा। परिवार में विवाह संबंधी बातचीत आगे बढ़ सकती है।

### मीन



आज का दिन शुभ समाचारों और सकारात्मक अवसरों से भरा रहेगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम और सामंजस्य बना रहेगा। किसी कानूनी मामले में सफलता मिलने के संकेत हैं। नए कार्यों के प्रति उत्साह बढ़ेगा और परिवार के साथ बिताया गया समय आपको गहरा सुकून देगा। आर्थिक समस्याओं में राहत मिल सकती है। माता-पिता का आशीर्वाद और भाई-बहनों का सहयोग आपके रुके हुए कार्यों को पूरा कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## इन 2 राशियों पर मेहरबान होंगे प्रेम के सितारे जानें किसे मिलेगा प्यार और किसे सरप्राइज

Love Horoscope 24 June 2026: 24 जून का लव राशिफल जानें। मेष से मीन राशि तक सभी 12 राशियों के लिए प्रेम, रिश्तों, वैवाहिक जीवन और रोमांस से जुड़े खास ज्योतिषीय संकेत पढ़ें। आज आपकी लव लाइफ कैसी रहेगी, जानिए विस्तार से। 4 जून 2026 का दिन प्रेम जीवन के लिहाज़ से कई दिलचस्प बदलाव लेकर आ रहा है।



### मेष लव राशिफल (Aries Love Horoscope):

आज आपके प्रेम जीवन में रोमांस और अपनापन बढ़ सकता है। पार्टनर के साथ समय बिताने और कहीं बाहर जाने का प्लान बन सकता है। सिंगल लोग पुरानी यादों में थोड़ा भावुक हो सकते हैं।

### वृषभ लव राशिफल (Taurus Love Horoscope):

रिलेशनशिप में मौजूद लोगों के लिए रिश्ता और गहरा होने के संकेत हैं। प्रेम जीवन में विश्वास और नज़दीकियां बढ़ेंगी। सिंगल लोगों की मुलाकात किसी खास व्यक्ति से हो सकती है।

### मिथुन लव राशिफल (Gemini Love Horoscope):

पार्टनर की ओर से कोई सरप्राइज या खास तोहफा मिलने के योग हैं। रिश्ते में रोमांस और समझदारी दोनों बढ़ेंगे। सिंगल लोग अपने क्रश के सामने दिल की बात रखने की कोशिश कर सकते हैं।

### कर्क लव राशिफल (Cancer Love Horoscope):

आज प्रेम संबंधों में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत रहेगा। पार्टनर का पूरा सहयोग और प्यार मिलेगा। सिंगल लोगों की किसी नए व्यक्ति से सोशल मीडिया या बातचीत के जरिए नजदीकी बढ़ सकती है।

### सिंह लव राशिफल (Leo Love Horoscope):

शादीशुदा और रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए दिन रोमांस से भरा रहेगा। रिश्ते में मधुरता और समझ बढ़ेगी। विवाह की बात आगे बढ़ने की संभावना भी बन सकती है।

### कन्या लव राशिफल (Virgo Love Horoscope):

रिश्तों में मजबूती आएगी और पार्टनर के साथ अच्छा समय बीतेगा। सिंगल लोगों की किसी खास से मुलाकात हो सकती है। यात्रा या आउटिंग का प्लान बन सकता है।

### तुला लव राशिफल (Libra Love Horoscope):

आज का दिन प्रेम के मामले में उत्साह से भरा रहेगा। सिंगल लोग अपने क्रश को लेकर थोड़ा भावुक और उत्साहित रह सकते हैं। रिलेशनशिप में रोमांस बढ़ेगा।

### वृश्चिक लव राशिफल (Scorpio Love Horoscope):

थोड़ी नोकझोंक या गलतफहमी की स्थिति बन सकती है, इसलिए धैर्य रखें। सिंगल लोग किसी को दूर से पसंद कर सकते हैं। बातचीत में संयम जरूरी है।

### धनु लव राशिफल (Sagittarius Love Horoscope):

रिश्तों में गहराई बढ़ेगी और पार्टनर के साथ अच्छा समय मिलेगा। सिंगल लोगों को अपने क्रश के प्रति आकर्षण महसूस हो सकता है।

### मकर लव राशिफल (Capricorn Love Horoscope):

पार्टनर के प्रति भावनाएं मजबूत रहेंगी लेकिन जरूरत से ज्यादा पजेसिव न हों। सिंगल लोगों को पुराने दोस्त से जुड़ी कोई भावनात्मक खबर मिल सकती है।

### कुंभ लव राशिफल (Aquarius Love Horoscope):

प्रेम जीवन में खुशियों और सरप्राइज का योग बन रहा है। रिश्तों में समझ और रोमांस दोनों बढ़ेंगे। शादीशुदा लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### मीन लव राशिफल (Pisces Love Horoscope):

आज का दिन प्रेम के लिहाज से बेहद खास रहेगा। पार्टनर का पूरा साथ मिलेगा और समय अच्छा बीतेगा। सिंगल लोगों के जीवन में नया आकर्षण आ सकता है।

# Womens T20 WC: ऑस्ट्रेलिया का विजय रथ जारी पाकिस्तान को 113 रन से रौंदा अटापट्टू के शतक से श्रीलंका की वापसी

महिला टी20 विश्वकप का रोमांच फैंस के सिर चढ़कर बोल रहा है। टूर्नामेंट में अब सेमीफाइनल की जंग दिलचस्प हो चली है। ऑस्ट्रेलिया का जीत का सिलसिला जारी है। वहीं, श्रीलंका ने भी वापसी की है।



**महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 113 रन से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की और सेमीफाइनल की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। एलिस पेरी ने 71 रन बनाने के साथ दो विकेट भी लिए। दूसरी ओर श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने नाबाद 106 रन की पारी खेलकर आयरलैंड के खिलाफ टीम को नौ विकेट से जीत दिलाई।**

वहीं न्यूजीलैंड ने स्कॉटलैंड को छह विकेट से हराकर अंतिम चार की उम्मीदें बरकरार रखीं। लीड्स में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 199/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम को पहला झटका मैच की पहली ही गेंद पर बेथ मूनी के रूप में लगा, लेकिन इसके बाद एलिस पेरी और जॉर्जिया वोल ने पाकिस्तान के गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए केवल 56 गेंदों में 100 रन की साझेदारी की। वोल ने 39 रन बनाए, जबकि पेरी ने 48 गेंदों में 71 रन की शानदार पारी खेली। अंत में एनाबेल सदरलैंड (27) और निकोला कैरी (26) ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर को 199 तक पहुंचाया। जवाब में पाकिस्तान की टीम महज 86 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से मुनीबा अली ने सर्वाधिक 32 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं सके। पाकिस्तान की पारी तीन रन आउट से भी प्रभावित रही। गेंदबाजी में पेरी ने एक ही ओवर में दो विकेट झटके, जबकि कप्तान सोफी मोलिन्यूक्स और सदरलैंड ने भी दो-दो विकेट लिए। चार मैचों में चार जीत के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की सेमीफाइनल की जगह अभी आधिकारिक रूप से पक्की नहीं हुई है। दक्षिण अफ्रीका और भारत भी चार-चार जीत के साथ बराबरी कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया का अगला मुकाबला रविवार को लॉर्ड्स में भारत से होगा।

## IPL 2027: क्या कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलेंगे हार्दिक पांड्या? यशस्वी को लेकर भी अटकलों का बाजार गर्म



आईपीएल 2027 सीजन से पहले कुछ बड़े ट्रेड हो सकते हैं और इसमें हार्दिक पांड्या का नाम भी शामिल है। हार्दिक के मुंबई इंडियंस छोड़ने की अटकलें आईपीएल 2026 सीजन से ही लगनी शुरू हो गई थीं और अब इसे लेकर चर्चा का बाजार गर्म हो चला है। आईपीएल 2027 का सीजन अभी दूर है, लेकिन फ्रेंचाइजी ने अभी से इसकी रणनीति बनानी शुरू कर दी है। मुंबई इंडियंस में हार्दिक पांड्या की वापसी सुखद नहीं रही है और जब से वह टीम में दोबारा शामिल हुए हैं, तभी से टीम और स्वंय उनके लिए चीजें विपरीत होती चली गई हैं। अब खबर आ रही है कि हार्दिक ने मुंबई इंडियंस से राहें अलग करने का मन बना लिया है और उन्हें इसके लिए दो प्रस्ताव मिले हैं। शाहरुख खान के सहस्वामित्व वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और राजस्थान रॉयल्स की ओर से हार्दिक को दो प्रस्ताव मिले हैं। सूत्र ने बताया कि नाइट राइडर्स के शीर्ष प्रबंधन और मुंबई इंडियंस के मालिकों के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली को लेकर कई बार बातचीत हुई है। सूत्र ने बताया, अजिंक्य रहाणे केकेआर के लिए हमेशा से एक कामचलाऊ व्यवस्था थे

# Kareena-Bumrah: करीना कपूर की चुनौती पर जसप्रीत बुमराह ने दी प्रतिक्रिया पोस्ट कर बोले- मुझे बिल्कुल शक नहीं




अभिनेत्री करीना कपूर ने मजाक में भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को चुनौती दी थी। अब बुमराह ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिये उनके पोस्ट पर जवाब दिया है। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने मशहूर अभिनेत्री करीना कपूर की चुनौती पर प्रतिक्रिया दी है। करीना ने सोशल मीडिया पर बेटे तैमूर अली खान के साथ क्रिकेट खेलते हुए तस्वीरें शेयर की थी। इसी दौरान उन्होंने मजाक में बुमराह को चुनौती देते हुए कहा था कि वह बुमराह को भी टक्कर दे सकती हैं। अब इस पर इस स्टार तेज गेंदबाज ने जवाब दिया है।

करीना के इस पोस्ट पर अब बुमराह ने भी चुटकी ली है। उन्होंने करीना के पोस्ट पर रिप्लाई देते हुए स्टोरी शेयर की, जिसमें बुमराह ने लिखा, 'मुझे बिल्कुल भी शक नहीं है। आपके पास काफी अच्छी प्रतिभा है।' बुमराह ने इसके साथ ही हंसी का इमोजी भी लगाया। बुमराह और करीना के बीच सोशल मीडिया पर इस हंसी मजाक को काफी पसंद किया जा रहा है।



# ICC Rankings: नंबर-1 टी20 गेंदबाज बनीं श्री चरणी जानें दूसरे नाम पर कौन? रैंकिंग में भारतीय स्टार का जलवा




ICC Women’s T20 Bowling Ranking: आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में बड़ा उलटफेर हुआ है। भारत की युवा स्पिनर श्री चरणी ने इंग्लैंड की लिन्से स्मिथ को पछाड़कर दुनिया की नंबर एक टी20 गेंदबाज बनने का गौरव हासिल कर लिया है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बाएं हाथ की स्पिनर श्री चरणी ने इतिहास रच दिया है। जारी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में अपने शानदार और मैच जिताऊ प्रदर्शन के दम पर वह पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग के शीर्ष (नंबर-1) पायदान पर पहुंच गई हैं। आईसीसी की ताजा रैंकिंग अपडेट में उन्हें टूर्नामेंट में लगातार मैच जिताने वाले प्रदर्शनों का बड़ा इनाम मिला है।

21 साल की इस युवा खिलाड़ी ने इस वैश्विक प्रतियोगिता में अब तक सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनकर दुनिया में पहला स्थान हासिल किया है। इस धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने इंग्लैंड की स्पिनर लिन्से स्मिथ को नंबर-1 के सिंहासन से नीचे धकेल दिया है। श्री चरणी के करियर में यह एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर है, जिसने महज एक साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से बहुत तेजी से रफ्तार पकड़ी है। । इंग्लैंड की सरजमीं पर चल रहे विश्व कप में उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें भारत का सबसे प्रमुख गेंदबाजी हथियार बना दिया है। इस युवा सनसनी ने विश्व कप के केवल तीन मैचों में ही 10 विकेट चटकाए हैं।

# आईपीएल 2027 का सबसे बड़ा ट्रेड: 12 करोड़ रुपये की कटौती कर दिल्ली लौटे ऋषभ पंत कुलदीप यादव बने लखनऊ का हिस्सा

आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच हाई-प्रोफाइल ट्रेड हुआ है। ऋषभ पंत 15 करोड़ रुपये में दिल्ली कैपिटल्स में लौटेंगे, जबकि कुलदीप यादव 13.5 करोड़ रुपये में लखनऊ सुपर जाएंट्स का हिस्सा बनेंगे।Vआईपीएल 2027 शुरू होने में अभी काफी समय है, लेकिन उससे पहले ही एक बड़े ट्रेड ने क्रिकेट जगत में हलचल मचा दी है। दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच हुए हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी आदान-प्रदान में ऋषभ पंत अपनी पुरानी टीम दिल्ली कैपिटल्स में लौटने जा रहे हैं, जबकि स्टार स्पिनर कुलदीप यादव लखनऊ सुपर जाएंट्स की जर्सी पहनेंगे। इस ट्रेड की सबसे बड़ी चर्चा ऋषभ पंत की सैलरी को लेकर है। आईपीएल के मुताबिक, पंत 15 करोड़ रुपये में दिल्ली से जुड़ेंगे। लखनऊ में उनकी सैलरी रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए थे। उन्हें आईपीएल 2025 के ऑक्शन में लखनऊ ने रिकॉर्ड 25 करोड़ देकर खरीदा था। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी भी थे। उन्हें लखनऊ ने कप्तान बनाया था,



वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी भी थे। उन्हें लखनऊ ने कप्तान बनाया था, लेकिन पिछले दो सीजन में खराब प्रदर्शन के बाद ही लखनऊ ने उन्हें निकाल दिया है। लखनऊ ने यही हाल पूर्व कप्तान केएल राहुल के साथ भी किया था।

पंत ने दिल्ली वापसी के लिए 12 करोड़ रुपये की बड़ी रकम की कटौती की है। वहीं, लखनऊ ने बदले में कुलदीप को 13.5 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा है। पंत को दिल्ली की कप्तानी भी सौंपी जा सकती है। पिछले दो सीजन से अक्षर पटेल टीम की कमान संभाल रहे थे, लेकिन दिल्ली का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था।

# ICC: पोस्ट-प्रेग्नेंसी गाइडलाइंस क्या हैं?

## मां बनने के बाद भी खेल सकेंगी महिला खिलाड़ी खास फ्रेमवर्क तैयार

आईसीसी ने महिला क्रिकेटरों के लिए पहली बार 'पोस्ट-प्रेग्नेंसी रिटर्न टू प्ले' गाइडलाइंस जारी की हैं। इसे तैयार करने वाली ऑस्ट्रेलियाई डॉक्टर फिलिपा इंगे ने इसके पीछे की बारीकियों और चुनौतियों को साझा किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने महिला क्रिकेटरों के हक में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए पहली बार 'पोस्ट-प्रेग्नेंसी रिटर्न टू प्ले' (गर्भावस्था के बाद खेल में वापसी) गाइडलाइंस जारी की हैं। हालांकि यह दिशानिर्देश आईओसी और फीफा के मौजूदा परामर्शों से प्रेरित हैं, लेकिन मनोवैज्ञानिक और व्यावहारिक (लॉजिस्टिक) चुनौतियों से निपटने के मामले में यह पूरी तरह से क्रिकेट की जरूरतों के अनुकूल हैं। यह बात इस महत्वपूर्ण दस्तावेज को तैयार करने वाली आईसीसी की चिकित्सा सलाहकार समिति की सदस्य डॉ. फिलिपा इंगे ने कही है। डॉ. इंगे मेलबर्न की एक जानी-मानी स्पोर्ट्स एंड एक्सरसाइज मेडिसिन फिजिशियन हैं और वर्तमान में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की डॉक्टर के रूप में इंग्लैंड में टी20 विश्व कप के दौरान टीम के साथ मौजूद हैं। इस नई पॉलिसी के तहत छह 'R' के एक विशेष फ्रेमवर्क की रूपरेखा तैयार की गई है: रेडी, रिव्यू, रिस्टोर, रीकंडीशन, रिटर्न और रिफाइन। यह ढांचा फीफा के चरणबद्ध कार्यक्रम जैसा ही है, जो खिलाड़ियों के साथ-साथ उनके प्रबंधकों को भी शामिल करता है।



# कौन हैं सूर्यांश शेडगे?

## नीतीश हुए बाहर इस ऑलराउंडर की खुली किस्मत आयरलैंड दौरे पर कर सकते हैं डेब्यू



आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे से पहले भारतीय टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। चोटिल नीतीश कुमार रेड्डी की जगह मुंबई के धाकड़ ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे की किस्मत खुली है, जिन्हें टीम में शामिल कर लिया गया है। आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी दौरों के लिए चोटिल नीतीश कुमार रेड्डी की जगह अब मुंबई के ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे को टीम में शामिल कर लिया गया है। दरअसल, नीतीश कुमार रेड्डी चोट की वजह से इस आगामी सीरीज से बाहर हो गए हैं। 23 साल के ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी जांघ की मांसपेशी (क्वाड्रिसेप) में चोट लगने के कारण आयरलैंड सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाएंगे।

इस चोट के ठीक होने में लगभग चार सप्ताह का समय लग सकता है, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि वह इंग्लैंड दौरे से भी बाहर रह सकते हैं। हार्दिक पंड्या की अनुपलब्धता के बीच नीतीश की इस चोट ने भारतीय टीम के सामने तेज गेंदबाज ऑलराउंडर्स का संकट खड़ा इस संकट के बीच नीतीश के सटीक विकल्प के रूप में मुंबई के ऑलराउंडर सूर्यांश शेडगे को मौका मिला है। शेडगे हाल ही में ट्राई-सीरीज टूर्नामेंट जीतने वाली इंडिया-ए टीम के मुख्य सदस्य थे, जिसमें श्रीलंका-ए और अफगानिस्तान-ए की टीमें भी शामिल थीं। 23 वर्षीय यह खिलाड़ी आईपीएल में पंजाब किंग्स की तरफ से खेलता है, जिसके कप्तान भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के नवनियुक्त कप्तान श्रेयस अय्यर हैं। चयनकर्ता श्रीलंका के मैदानों पर इस युवा खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन से काफी प्रभावित हुए हैं, जहाँ उन्होंने पांच मैचों में 36.75 के औसत से 147 रन बनाए और साथ ही दो विकेट भी अपने नाम किए। वह आईपीएल में अब तक 12 मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें उनके बल्ले से 163 के ताबड़तोड़ स्ट्राइक रेट के साथ 165 रन निकले हैं और एक अर्धशतक भी शामिल है। टीम में शामिल होने के बाद यह युवा खिलाड़ी आयरलैंड में टी20 और वनडे दोनों प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू कर सकता है। इसके साथ ही वह साल 2027 के वनडे विश्व कप की टीम के लिए भी अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर सकता है। इस युवा ऑलराउंडर को क्रिकेट जगत में पहली बड़ी पहचान साल 2024 के सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट से मिली। इस घरेलू अभियान में उन्होंने 251 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से 131 रन कूट डाले थे। शेडगे ने न सिर्फ बल्ले से बल्कि गेंद से भी कमाल करते हुए 9.27 की इकोनॉमी रेट के साथ कुल आठ विकेट चटकाए थे।

इस टूर्नामेंट के फाइनल में मध्य प्रदेश को शिकस्त देकर मुंबई ने खिताब पर अपना कब्जा जमाया था। विदर्भ के खिलाफ मुकाबले में सूर्यांश शेडगे ने महज 12 गेंदों में 36 रनों की एक यादगार और आतिशी पारी खेली थी। इस मैच में अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली मुंबई की टीम 222 रनों केविशाल लक्ष्य का पीछा कर रही थी। इससे पिछले मुकाबले में आंध्र ने बोर्ड पर 229 रनों का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया था, जहाँ रहाणे ने खुद 95 रनों की कप्तानी पारी खेलकर रन चेज को संभाला और पंजाब किंग्स के इस युवा स्टार ने सिर्फ 8 गेंदों पर 30 रन ठोककर टीम को एक ऐतिहासिक जीत दिलाई थी। मध्य प्रदेश के खिलाफ खेले गए महामुकाबले (फाइनल) में भी इस खिलाड़ी ने गेंद और बल्ले दोनों से अपनी मैच जिताऊ क्षमता साबित की। इस 23 वर्षीय ऑलराउंडर ने अपनी गेंदबाजी के दौरान तीन ओवर फेंके और वेंकटेश अय्यर का महत्वपूर्ण विकेट निकाला। इसके बाद बल्लेबाजी में जलवा बिखेरते हुए उन्होंने 15 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की बदौलत नाबाद 36 रन बनाए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' के खिताब से नवाजा गया था। आईपीएल में भी शेडगे ने सीमित अवसरों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निचले क्रम में तेज रन बनाने की उनकी क्षमता टीम प्रबंधन को काफी पसंद आई है। यही कारण है कि उन्हें भारतीय टीम के भविष्य के ऑलराउंडर के रूप में देखा जा

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**

**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**

**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए ‘प्लैनेट न्यूज़ इंडिया’ प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300
















